फाइल संख्या पी-11015/1/2023-पीपीसी
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन कक्ष)

नई दिल्ली, 20 जुलाई, 2023

विषय: जून, 2023 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय की महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (संख्या-6)।

जून, 2023 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/ आयोजनों का विवरण नीचे दिया गया है:-

## 1. सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 9 साल

1.1 माननीय सूचना और प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 20.06.2023 को प्रसिद्ध मराठी और हिंदी फिल्म और थिएटर अभिनेत्री सुश्री वंदना गुप्ते और संगीत नाटक अकादमी अध्यक्ष, डॉ. संध्या पुरेचा के साथ मुंबई में उनके आवास पर बातचीत की। माननीय मंत्री जी ने उन्हें केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को दर्शाने वाली एक **पुस्तिका** उपहार में दी और सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित सरकार द्वारा 9 **साल** का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करने के बारे में बताया।

1.2 9 साल - सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के अवसर पर **प्रख्यात हस्तियों और विशेषज्ञों** जैसे डॉ. नरेश त्रेहनन, सुश्री किरण मजूमदार शॉ, लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) आदि द्वारा राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों में **लेखों** की एक श्रृंखला प्रकाशित की गई।

1.3 11.06.2023 को केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे) द्वारा संचालित दो **मल्टीमीडिया मोबाइल प्रदर्शनी वैन** को महाराष्ट्र के माननीय उच्चतर और तकनीकी शिक्षा मंत्री, श्री चंद्रकांत पाटिल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन वैनों ने पंढरपुर/आषाढ़ी वारी के दौरान केंद्र सरकार के 9 साल के काम और प्रमुख स्कीमों का प्रदर्शन किया।

1.4 सीबीसी ने **9 साल की पुस्तिकाओं** (बड़े, छोटे और फ़्लायर्स) के क्षेत्रीय भाषा संस्करण मुद्रित और वितरित किए। सीबीसी के क्षेत्रीय/फील्ड कार्यालयों ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल विषय पर जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन किया।

1.5 डीडी न्यूज ने मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों के **साक्षात्कार प्रसारित किए।** एनएमडब्ल्यू ने हैशटैग **#9YearsOfSeva** का उपयोग कर हिंदी/अंग्रेजी दोनों भाषाओं में वीडियो बाइट्स, ग्राफिक्स आदि सहित व्यापक सोशल मीडिया प्रचार किया। एक **इनोवेटिव फ्लिपबुक** हिंदी में क्यूरेट किया गया और सोशल मीडिया आउटरीच को **क्विज़** के रूप में संचालित किया गया, जिसमें **ग्राफिक्स** को हैशटैग **#QuizContest #MiBQuizverse #9YearsofSeva** का उपयोग करके साझा किया गया।

## 2. 21.06.2023 को 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2023 का आयोजन

2.1 योग के प्रसार में मीडिया द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता प्रदान करने के लिए, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 09.06.2023 को **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान (एवाईडीएमएस) 2023 के दूसरे संस्करण की घोषणा की** जिसके लिए दिशानिर्देश सूचना और प्रसारण मंत्रालय और पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की वेबसाइट पर दिए गए हैं। प्रिंट, टेलीविजन और रेडियो जैसी 3 श्रेणियों में कुल 33 सम्मान प्रदान किए जाएंगे।

2.2 सूचना और प्रसारण मंत्रालय और इसकी मीडिया यूनिटों/संगठनों ने 21.06.2023 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार **योग कार्यशालाओं/ प्रदर्शनों/ सत्रों** का आयोजन किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज़ ईश्वरीय विश्व विद्यालय (पीबीकेआईवीवी) के समन्वय से 19.06.2023 को अपने अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए **'राजयोग के लाभ और तकनीक' पर एक विशेष सत्र** का भी आयोजन किया।

2.3 डीडी न्यूज ने **राष्ट्रपति भवन में माननीय राष्ट्रपति** द्वारा किए गए योग सहित दुनिया भर में आईडीवाई समारोहों को व्यापक रूप से कवर किया जिसमें **माननीय उपराष्ट्रपति** के नेतृत्व में **जबलपुर (मध्य प्रदेश) में** मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम, **भारत के माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय** में आईडीवाई 2023 का आयोजन और इसमें 135 देशों की नागरिकता वाले लोगों की सहभागिता का गिनीज रिकॉर्ड, **उत्तरी ध्रुव से लेकर दक्षिणी ध्रुव** (आर्कटिक में भारत के अनुसंधान स्टेशन हिमाद्री और अंटार्कटिक में भारती) तक आयोजन, भारतीय सेना का **भारतमाला**, भारतीय नौसेना का **'ओशन रिंग ऑफ योग'** आदि हैं। डीडी न्यूज ने **योग संवाद**, **योग यात्रा**, **टोटल हेल्थ**, विशेष साक्षात्कार, ग्राउंड रिपोर्ट, विशेष थीम गीत आदि जैसे **विशेष कार्यक्रम** प्रसारित किए और **'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग'** शीर्षक से एक विशेष कार्यक्रम भी प्रसारित किया गया। समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी (एनएसडी, एआईआर) ने 15.06.2023 को एक **विशेष साक्षात्कार** और 20.06.2023 को सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एक **चर्चा** प्रसारित की।

2.4 न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने हैशटैग **#योगदिवस #HarAnganYoga #yogaDay** आदि का उपयोग कर मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर हिंदी/अंग्रेजी में एक **विशेष रील और एक पॉडकास्ट (हिंदी में) बनाकर** एक प्रभावी लोकसंपर्क का आयोजन किया। प्रकाशन विभाग (डीपीडी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर **योगासनों पर दैनिक वीडियो के साथ 31.05.2023 से काउन्टडाउन शुरू की** और अपनी पुस्तकों यथा 'योग इलस्ट्रेटेड', 'योग' सचित्र' और 'योगविज्ञान' का प्रचार किया।

2.5 केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के क्षेत्रीय और फील्ड कार्यालयों ने देश भर में थीम पर **117 एकीकृत संचार और लोकसंपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी), 06 विशेष कार्यक्रम, 117 योग प्रदर्शन सत्र और 35 क्षेत्रीय कार्यक्रम आयोजित किए।** आरओ/ एफओ ने दैनिक जीवन में योग को बढ़ावा देने के लिए पोस्टर/ ड्राइंग और पेंटिंग/ निबंध लेखन प्रतियोगिताएं, क्विज़, सेमिनार और संगोष्ठी समूह चर्चा, पुस्तकों और टी-शर्ट का वितरण, वाद-विवाद और सेमिनार आदि का भी आयोजन किया।

3. भारत ने **'द एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फेस्टिवल'** में भाग लिया, जो 11 से 17 जून, 2023 तक फ्रांस में आयोजित किया गया था। सचिव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 13.06.2023 को *'सरस्वती यंत्र'* की थीम पर डिजाइन किए गए **भारतीय पेवेलियन** का उद्घाटन किया और एनेसी फेस्टिवल प्रतियोगिता 2023 में भारतीय रचनात्मक समुदाय के विजेताओं और अन्य देशों के विदेशी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था, वैश्विक दर्शकों के लिए एनीमेशन और वीएफएक्स सामग्री बनाने में भारत का कौशल और एवीजीसी क्षेत्र में व्यापार में आसानी के लिए भारत सरकार द्वारा दिए गए प्रोत्साहन पर प्रकाश डाला। भारत और वैश्विक उद्योग के प्रचालकों के बीच नेटवर्किंग की सुविधा के लिए एक स्वागत सत्र भी आयोजित किया गया था।

**4. भारत की कार्यनीतिक साझेदारी:**

4.1 डीडी न्यूज और डीडी इंडिया नेटवर्क ने संयुक्त प्रेस बैठक, राजकीय रात्रिभोज, नेशनल साइंस फाउंडेशन को पीएम मोदी का संबोधन, वाशिंगटन में भारतीय प्रवासियों को संबोधन, अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधन आदि सहित **माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त**

**राज्य अमेरिका की राजकीय यात्रा** को व्यापक रूप से कवर किया। डीडी न्यूज ने पैनल चर्चा सहित विशेष कवरेज की और कई प्रतिष्ठित अतिथियों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष साक्षात्कार किए गए तथा और 'पीएम मोदी की यूएसए यात्रा' नामक एक विशेष कार्यक्रम डीडी इंडिया पर प्रसारित किया गया।

4.2 डीडी न्यूज और डीडी इंडिया नेटवर्क ने **माननीय प्रधान मंत्री की मिस्र की पहली राजकीय यात्रा** को बड़े पैमाने पर कवर किया, जिसमें भारतीय प्रवासी सदस्यों द्वारा स्वागत, काहिरा में गोलमेज बैठक, मिस्र में भारतीय राजदूत के साथ साक्षात्कार, मिस्र द्वारा इसके सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' प्रदान करना आदि शामिल हैं। डीडी न्यूज ने विशेष कवरेज की, जिसमें पैनल चर्चा और कई प्रतिष्ठित अतिथियों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष साक्षात्कार शामिल थे और डीडी इंडिया पर विशेष कार्यक्रमों की एक सीरीज प्रसारित की गई।

4.3 न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने **'भारत की कार्यनीतिक साझेदारी' पर एक विशेष पॉडकास्ट** के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी की अमेरिका, मिस्र, पापुआ न्यू गिनी और अन्य देशों की ऐतिहासिक यात्रा का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जिसे हैशटैग **#MIBPodcast** का उपयोग कर मंत्रालय के सोशल मीडिया एकाउंट्स पर हिंदी भाषा में क्यूरेट किया गया था।

## 5. आज़ादी का अमृत महोत्सव

5.1 प्रकाशन विभाग (डीपीडी) ने आज़ादी का अमृत काल के साथ अमृत-वर्ष विशेषांक प्रकाशित करके **बच्चों की पत्रिका 'बाल भारती' का 75वां वर्ष मनाया**। इस बाल पत्रिका के जून और जुलाई 2023 के संयुक्त अंक में विद्याधर शुक्ला, इस्मत जैसे पुराने प्रसिद्ध लेखकों, चुगताई, मन्मथनाथ गुप्ता, लियो टॉल्स्टॉय जैसे उत्कृष्ट लेखकों और मधु पंत, यतीश अग्रवाल, अनुराग शर्मा आदि जैसे नए प्रसिद्ध लेखको की रचनाएं शामिल हैं। इस अंक की विशेषता यह रही है कि अधिकांश चित्रण विशेष रूप से सक्षम (दिव्यांग) छात्रों/ व्यक्तियों द्वारा किए गए हैं।

5.2 आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में एनीमेशन सीरीज की फिल्म **'भारती और बिबो (भारती एंड हर मेजिकल वॉर्म)'** के स्टूडियो करार को शामिल करते हुए सह-निर्माण करार 28.06.2023 को पूर्ण हो चुका है। सीरीज का पायलट एपिसोड अब राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम में निर्माणाधीन है।

## 6. चक्रवात 'बिपरजॉय' की तैयारी

6.1 सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने चक्रवात 'बिपरजॉय' को कवर करने वाले विभिन्न मीडिया संगठनों के पत्रकारों, कैमरामैन और अन्य कर्मियों की सुरक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए 15.06.2023 को एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें पर्याप्त सावधानी अपनाने की पुरजोर सिफारिश की गई है और मीडिया संगठनों से आग्रह किया गया है कि वे अपने तैनात कर्मियों की सुरक्षा से कोई समझौता न करें। मंत्रालय ने लोगों को आश्वस्त किया है कि केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर चक्रवात के प्रभाव को कम करने के लिए सभी संभव प्रयास कर रही है।

6.2 14.06.2023 को आसन्न चक्रवात बिपरजॉय के मद्देनजर एहतियाती उपाय के रूप में **गुजरात के द्वारका में** 90 मीटर ऊंचे गाइ रोप समर्थित **स्टील आकाशवाणी टॉवर को खोल दिया गया है**। आकाशवाणी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर द्वारका से सेवाओं की बहाली पर काम कर रहा है।

## 7. जी-20 शिखर सम्मेलन प्रचार पर अभियान

7.1 डीडी न्यूज नेटवर्क ने देश भर में भारत के जी20 प्रेसीडेंसी से संबंधित सभी प्रमुख कार्यक्रम के आयोजन का प्रसारण किया है जिसमें वाराणसी में जी20 विकास मंत्रियों की बैठक, हैदराबाद में

जी20 कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक, पुणे में जी20 शिक्षा मंत्रियों की बैठक, गोवा में जी20 पर्यटन मंत्रियों की बैठक आदि शामिल हैं। डीडी इंडिया पर प्रतिदिन विशेष कार्यक्रम **'इंडिया@जी20'** की एक सीरीज प्रसारित की जा रही है; विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम **'ए जी20 स्पेशल: इंडिया कॉलिंग'** और **'भारत@20 : वसुधैव कुटुंबकम'** डीडी न्यूज पर चलाये जा रहे हैं।

7.2 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने अब तक आयोजित सभी कार्यक्रमों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से **चौतरफा प्रचार** प्रदान किया और देश भर के लगभग **41 समाचार पत्रों में एक विशेष जी-20 लेख** प्रकाशित किया। **पीआईबी जी 20 माइक्रोसाइट** को जी 20 से संबंधित सभी सूचनाओं के लिए वन-स्टॉप समाधान के रूप में नियमित रूप से अपडेट किया जाता है। नि:शुल्क प्रचार सुनिश्चित करने के लिए पीआईबी द्वारा एक समर्पित सोशल मीडिया अभियान भी चलाया गया है।

8. मंत्रालय ने प्रधानमंत्री जी के **मन की बात पुस्तिका का मई 2023 संस्करण प्रकाशित** किया है जिसमें कवर स्टोरी के रूप में **'युवा संगम - एक भारत श्रेष्ठ भारत'** शामिल है। ई-संस्करण को ई-संपर्क के माध्यम से पूरे देश में 6 करोड़ से अधिक नागरिकों को वितरित किया गया और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, MyGov, पीएम इंडिया और मंत्रालय की मीडिया यूनिटों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया। मुद्रित पुस्तिका देश के सभी सांसदों और विधायकों, भारत सरकार के सभी सचिवों, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों को वितरित की जाती है।

9. ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)*** के जून 2023 के पाक्षिक संस्करण में कवर स्टोरीज़ *"वरिष्ठ नागरिकों का सुरक्षित, गरिमापूर्ण और रचनात्मक जीवन"* और *"नए संसद भवन का उद्घाटन, जो विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करेगा"* शामिल हैं। इसे 13 भाषाओं में प्रकाशित किया गया और सीबीसी द्वारा देश भर में वितरित किया गया। एनआईएस के ई-संस्करण, MyGov India के ई- संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग कर ईमेल के माध्यम से 70.8 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए।

**10. विशेष कवरेज**

10.1 **विश्व पर्यावरण दिवस - मिशन लाइफ**: सीबीसी के क्षेत्रीय और फील्ड कार्यालयों ने 05.06.2023 को विश्व पर्यावरण दिवस पर मिशन लाइफ पर जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर जनसमूह को प्रोत्साहित करने के लिए 46 एकीकृत संचार और लोकसंपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी), 08 विशेष लोकसंपर्क कार्यक्रम, 05 क्षेत्रीय कार्यक्रम और 01 वेबिनार आयोजित किए गए।

10.2 **युवा उत्सव - इंडिया@2047**: सीबीसी के क्षेत्रीय और फील्ड कार्यालयों ने इस माह के दौरान "युवा शक्ति से जन भागीदारी" पर 15 क्षेत्रीय कार्यक्रम आयोजित किए।

10.3 डीडी न्यूज और एनएसडी : आकाशवाणी ने भारत के माननीय राष्ट्रपति को सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत करने को कवरेज प्रदान की। डीडी न्यूज़ ने माननीय प्रधान मंत्री द्वारा नई दिल्ली में पहले **राष्ट्रीय प्रशिक्षण कॉन्क्लेव** के उद्घाटन; **रोज़गार मेले में नए रक्रूट्स** को वीसी के माध्यम **से** संबोधन, **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय** को संबोधन, **अमेरिकी कांग्रेस का संयुक्त सत्र**; **यूएस स्टेट डिपार्टमेंट का लंच**, पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन का **हाई-टेक हैंडशेक इवेंट**, वाशिंगटन डीसी में **यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम**, रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग में **भारतीय प्रवासी समुदाय और 'मन की बात'** के 102वें एपिसोड में राष्ट्र के साथ बातचीत आदि को लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया।

**11. न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण द्वारा की गई पहलें -**

- **'मुजीब - द मेकिंग ऑफ ए नेशन' (बांग्ला):** फिल्म के वीएफएक्स पोस्ट-प्रोडक्शन का अंतिम चरण प्रक्रियाधीन है। फिल्म का बजट प्रस्ताव समीक्षा और चर्चा के लिए बांग्लादेश फिल्म विकास निगम को प्रस्तुत किया गया है।

- **क्षेत्रीय समाचारों में पहलें**: एनएसडी: आकाशवाणी ने इस माह के दौरान उत्तराखंड में कुमाऊंनी और नागालैंड में पोचुरी बोली में समाचार बुलेटिन शुरू किए।

- **डीडी रोबोकॉन 2023**: एबीयू रोबोकॉन 2023 की घरेलू प्रतियोगिता सफलतापूर्वक 17-18 जून, 2023 को आईआईटी-दिल्ली द्वारा प्रसार भारती के सहयोग से दोनों पक्षों के बीच एमओयू के दायरे में संपन्न हुई। विजेता टीम अर्थात गुजरात टेक्निकल यूनिवर्सिटी (जीटीयू) अगस्त, 2023 में एबीयू रोबोकॉन 2023 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। रोबोकॉन पर निर्मित कार्यक्रम दिनांक 25.06.2023 को डीडी नेशनल और डीडी भारती पर प्रसारित किया गया है।

- **डिजिटल मीडिया**:
  - सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69क के तहत कवर की गई सामग्री को दिखाने के कारण सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत **43 सोशल मीडिया पोस्ट को ब्लॉक करने** के निर्देश जारी किए।
  - अश्लील और अशिष्ट सामग्री के लिए एक ओटीटी प्लेटफॉर्म को दिनांक 19.06.2023 को एक **नोटिस जारी किया गया है।**
  - **समाचार और समसामयिक विषयों के जिन प्रकाशकों** ने अब तक अपनी जानकारी नहीं दी है, उनसे सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के नियम 18 के तहत जानकारी प्रदान करने के लिए दिनांक 22 जून, 2023 के पत्र के माध्यम **से अनुरोध किया गया है**।

- **'बहत्तर हूरें' ट्रेलर मामले पर सीबीएफसी का बयान** : केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने दिनांक 29.06.2023 को स्पष्ट किया है कि रिपोर्टों के विपरीत, फिल्म ''बहत्तर हूरें (72 हूरें)'' को 'ए' प्रमाणन प्रदान किया गया और प्रमाण पत्र दिनांक 04.10.2019 को जारी किया गया। अब, उक्त फिल्म का ट्रेलर उचित प्रक्रिया के तहत है, जिसे 19.06.2023 को सीबीएफसी में लागू किया गया था और चलचित्र अधिनियम, 1952 की धारा 5ख(2) के तहत जारी दिशानिर्देशों के अनुसार इसकी जांच की गई। सीबीएफसी ने अनुरोध किया है कि जब मामला उचित प्रक्रिया के अधीन हो तो इस पर किसी भी भ्रामक रिपोर्ट पर आगे विचार नहीं किया जाए या प्रसारित नहीं किया जाए।

- **चैनल लाइसेंसिंग**: सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कोई नई अनुमति जारी नहीं की है और माह के दौरान 08 चैनलों के सरेंडर अनुरोध/रद्दकरण को स्वीकार कर लिया है। **भारत में** अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **दिनांक 30.06.2023 तक 902 है**।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस)**: माह के दौरान **5 नये सीआरएस चालू किये गये।** मंत्रालय ने माह के दौरान **पांच (05) नए अनुमति अनुदान समझौतों (जीओपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं** और **नौ (09) जीओपीए का नवीनीकरण किया है।**

- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने अंग्रेजी, हिंदी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में **6317 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की, **36 औपचारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कीं** और भारत की जी20 की अध्यक्षता आदि पर **16 लेख प्रकाशित किए हैं।** पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने **24 फर्जी खबरों का पर्दाफाश किया** और 30 ट्वीट पोस्ट किए। **पीआईबी की अनुसंधान यूनिट ने 41 दस्तावेज़**

**प्रकाशित किए** और पिछले 9 वर्षों के दौरान प्राप्त की गई उपलब्धियों को दर्शाने वाले विभिन्न क्षेत्रों पर फैक्टशीट तैयार करना शुरू कर दिया है, जिसमे अब तक 37 फैक्टशीट जारी की जा चुकी हैं।

• केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओ) ने देश भर में **सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न विषयों पर जागरूकता के लिए निम्नानुसार कार्य किए:**

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टर/संदेश/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 16172 (222015) | 5829 | 3018 | 16087 |

• **सोशल मीडिया कवरेज**: सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने लगभग **231 ग्राफ़िक्स/ वीडियो/ चित्र/ पोस्ट/ ट्वीट** आदि साझा कर विभिन्न प्लेटफार्मों पर इस माह के दौरान विभिन्न विषयों को व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।

**सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल** और अन्य प्रमुख अभियानों जैसे **सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के 9 साल, क्विज, भारत की कार्यनीतिक साझेदारी, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2023** आदि का इन्फोग्राफिक्स, रील्स, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से व्यापक प्रचार किया गया।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23073775